Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांक 03/06/2022

प्रकाशनार्थ

## घोषित परिणाम से अनावश्यक शब्द को हटाया, कर्मचारी को नोटिस

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने पीएचडी सत्र 2019–20 के घोषित परिणाम में नामिनल रोल में अपूर्ण, विदहेल्ड के साथ अनावश्यक शब्द अंकित होने का कड़ा संज्ञान लिया है। तत्काल, शब्द को सुधारकर उसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया है। साथ ही गलती करने वाले कर्मचारी को नोटिस जारी किया है। नोटिस के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

परीक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा समिति के निर्णय के अनुसार सत्र 2019–20 और सत्र 2020–21 का परिणाम घोषित किया गया है। केवल उन्हीं छात्रों का परीक्षाफल रूका है जिनके अभिलेख अपूर्ण हैं अप्राप्त हैं । सभी छात्रों के परीक्षाफल, परीक्षाफल सत्यापन समिति की संस्तुतियों के अनुरूप परीक्षा समिति के निर्णय के अनुपालन में घोषित किया गया है। छात्रों के अभिलेख पूर्ण होने पर या प्राप्त होने पर संबंधित छात्रों के विदहेल्डध्‍ अपूर्ण श्रेणी में रोके गए परिणाम को घोषित किया जाएगा। किसी भी छात्र को इस संदर्भ में यदि कोई सूचना प्राप्त करना है तो वह परीक्षा नियंत्रक कार्यालयध्‍ संबंधित पटल सहायक से संपर्क कर सकता है।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur